कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-21.01.2025

विषयः--"ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के अन्तर्गत थाना बड़ागांव पुलिस ने चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.01.2025 को थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा वर्तमान में चल रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के अन्तर्गत चेंकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाँचोशिवाला तिराहा के पास से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त अजय कुमार पुत्र जयकुश, निवासी सूर्यवार, पोस्ट मोहनपुर, थाना पड़री, जनपद मिर्जापुर, उम्र लगभग 19 वर्ष और अनिल कुमार पटेल पुत्र काशीनाथ पटेल, निवासी ग्राम करधना, थाना मिर्जामुराद, वाराणसी, उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर एक और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

पूछताछ का विवरण– अभियुक्तगण से बरामद चोरी की पल्सर मोटरसाईकिल के बारे में पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि इस मोटरसाईकिल को नवंबर 2024 में नकईपुर लोहता से चोरी किया गया था। निशानदेही पर बरामद की गई दूसरी स्पलेण्डर मोटरसाईकिल के बारे में बताया कि यह मोटरसाईकिल फरवरी 2024 में कुरौता बाजार थाना लोहता से चुराई गई थी। अभियुक्तगण ने बताया कि वे चोरी की मोटरसाईकिलों के नंबर प्लेट को बदलकर इंजन और अन्य पुर्जों को खोलकर औन-पौने दामों पर बेच देते हैं। बेचने के लिए वे ग्राहक की तलाश में वाराणसी शहर की ओर जा रहे थे, कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. अजय कुमार पुत्र जयकुश नि. सूर्यवार पोस्ट मोहनपुर, थाना पड़री, जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 19 वर्ष।
2. अनिल कुमार पटेल पुत्र काशीनाथ पटेल, नि. ग्राम करधना, थाना मिर्जामुराद, वाराणसी उम्र 38 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u> 01 अदद काले लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट, रजिस्ट्रेशन नंबर:UP66AJ0323, चेचिस नंबर: MD2B68BXXRPM22887 इंजन नंबर: DHXPRM04298 हीरो स्पेलण्डर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर: UP65CZ1944 चेचिस नंबर: MBLHAR089HHL71228 इंजन नंबर: HA10AGHHL58542 बरामद ।

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>मु0अ0स0 021/2025 धारा 317(2),341(2) बीएनएस थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी ।

<u>अपराधिक इतिहास-</u>मु0अ0स0 0243/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:</u>

1. प्र0नि0 अतुल कुमार सिंह, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 नन्द लाल कुशवाहा, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अविनाश सिंह, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 अमित कुमार पाण्डेय, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 मयंक सिंह, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. उ0नि0 प्र0 अवधेश गुप्ता, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 बृजभूषण यादव,थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।